B.A. (New CBCS Pattern) Semester - II

BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 | GUG/S/23/10035

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों मे से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिर।

अ) 'रश्मिरथी' खंडकाव्य की कथावस्तु लिखिए। **20**

अथवा

ब) कर्ण की चारित्रीक विशेषताऐं 'रश्मिरथी' खंडकाव्य के आधार पर लिखिए।

2. निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी पंक्तियों की संसदर्भ व्याख्या किजिए। **20**

समूह - 'अ'

1) पूछो मेरी जाति, शक्ति हो तो, मेरे भुजबल से, रवि-समान दीपित ललाट से और कवच-कुण्डल से पड़ो उसे जो झलक रहा है मुझमें तेज-प्रकाश, मेरे रोम-रोम से अंकित है मेरा इतिहास।

2) रण केवल इसलिए कि सत्ता बढे नहीं पत्ता डोले, भूपो के विपरीत न कोई, कहीं, कभी कुछ भी बोले। ज्यों-ज्यों मिलती विजय, अहं नरपति का बढ़ता जाता है, और जोर से वह समाज के सिर पर चढता जाता है।

3) दो न्याय अगर तो आधा दो, पर इसमें भी यदि बाधाहो तो दे दो केवल पाँच ग्राम, रक्खो अपनी धरती तमाम।
हम वहीं खुशी से खायेंगे
परिजन पर असि न उठायेंगे।

4) 'अरे कौन है भिक्षु यहाँ पर और कौन दाता है।
अपना ही अधिकार मनुज नाना विधि से पाता है।
कर पसार कर जब भी तुम मुझसे कुछ ले लेते हो,
तृप्त भाव से हेर मुझे क्या चीज नहीं देते हो।

अथवा

समुह 'ब'

1) हित वचन नहीं तुने माना, मैत्री का मूल्य न पहचाना,
तो ले, मैं भी अब जाता हूँ, अन्तिम संकल्प सुनाता हूँ।
याचना नहीं, अब रण होगा,
जीवन जय या कि मरण होगा।

2) धर्म नहीं, मैंने तुझसे जो वस्तु हरण कर ली है,
छल से कर आघात तुझे जो निस्सहायता दी है,
उसे दूर या कम करने की है मुझको अभिलाषा,
पर, स्वेच्छा से नहीं पूजने देगा तू यह आशा।

3) संग्राम-सिन्धु लहराता है, सामने प्रलय धहराना है,
रह-रहकर भुजा फड़कती है, बिजली सी नसें कड़कती है,
चाहता तुरत मै कुद पड़ूँ,
जीतूँ कि समर में डूब मरुँ।

4) 'सोच रहा हूँ क्या उपाय, मैं इसके साथ करूँगा,
इस प्रचंडतम धूमकेतु का कैसे तेज हरुँगा?
शिष्य बनाऊँगा न कर्ण को, यह निश्चित है बात,
रखना ध्यान विकट प्रतिभट का, पर तू भी हे तात।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **15**

1) राजभाषा किसे कहते है? लिखिए।
2) देवनागरी लिपि का अर्थ लिखते हुए देवनागरी लिपी की विशेषताएँ लिखिए।
3) संपर्कभाषा के रुप में हिन्दी भाषा पर टिप्पणी लिखिए।
4) हिंदी भाषा का उद्‌भव किस प्रकार हुआ? लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **15**

1) सुमित्रानंदन पंत प्रकृतिवादी कवि माने जाते है। इस आधार पर उनका साहित्यीक परिचय दीजिए।
2) मैथिलीशरण गुप्त का जीवन परिचय लिखिए।
3) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की काव्यगत विशेषताओं को स्पष्ट किजिए।
4) हरिवंशराय बच्चन का परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर अति-संक्षेप में लिखिए। **10**

1) इंद्र कर्ण से दान में क्या माँगते है?
2) कर्ण का नाम राधेय कैसे पड़ा?
3) मानक भाषा का शाब्दीक अर्थ स्पष्ट किजिए।
4) कुसुमाग्रज का संक्षिप्त परिचय दिजिए।
5) राष्ट्रभाषा किसे कहते है?

****